हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 जुलाई 2024



06 सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए सात जोड़ों के...



07 25 विवाह और 32 निकाह के साथ 57 नवयुगल...






## खबर संक्षेप

### 17 से मांगलिक कार्य हो जाएंगे बंद

**विदिशा।** देवशयनी एकादशी इस बार 17 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दिन से भगवान विष्णु 4 महीने की योग निद्रा में चले जाएंगे। और उसी दिन से मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। देवशयनी एकादशी से देवी-देवताओं का शयन काल प्रारंभ हो जाएगा। विवाह आदि मंगल कार्यों का आखिरी मुहूर्त 15 जुलाई को भड़लिया नवमीं पर है। इसके बाद 17 जुलाई से देवशयन काल शुरू हो जाएगा, जो 11 नवंबर तक रहेगा। इस बार देवशयन काल 118 दिनों का रहेगा। 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ फिर से विवाह आदि मंगल कार्यों की शुरुआत हो जाएगी।

### शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की



**विदिशा।** जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में सोमवार को जिला पंचायत शिक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में स्कूलों की साफ सफाई पंचायत के माध्यम से कराने, पहुंच मार्ग, बाउंड्री बाल के निर्माण, नेशनल अचीवमेंट सर्वे, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं सायकिल वितरण, मध्याह्न भोजन वितरण पर चर्चा हुईं। बैठक के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्काउट गाइड जिला संघ के जिलासचिव हरिहर चतुर्वेदी एवं जिलासंगठक अनीता सोनेवाने के सहयोग से आम एवं अशोक के पेड़ लगाए गए।

### कन्यादान योजना में 12 जोड़ों का विवाह हुआ



**ग्यारसपुर।** ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 12 जोड़ों के विवाह संपन्न हुए। सभी जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत उन्नचास हजार रुपए का चेक वर और वधू को अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। शादी के दौरान जनप्रतिनिधियों के द्वारा हाथों में हल्दी चंदन लगाकर कन्या का कन्यादान किया गया। वर और वधू ने सात वचन और सात फेरे लेकर सात जन्मों का वादा किया मंच पर सभी जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर शादी के पवित्र बंधन में बंधकर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया।

### बैठकः जिला अध्यक्ष बने प्रताप सिंह राय



**विदिशा।** गजानन माता मंदिर में क्षत्रिय खंगार परिहार समाज की बैठक आयोजित की गई। सर्वसम्मति से वरिष्ठ समाजसेवी प्रताप सिंह राय को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। देवी सिंह परिहार जिला उपाध्यक्ष, गप्पू सिंह परिहार को जिला सचिव, ग्यारसी लाल परिहार जिला कोषाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार राय जिला मीडिया प्रभारी, जिला प्रवक्ता, जगन्नाथ सिंह परिहार भगत जी को गजानन माता मंदिर व्यवस्थापक नियुक्त किया गया। वहीं क्षत्रिय खंगार परिहार समाज के युवा जिला अध्यक्ष रोहित परिहार करारी को नियुक्त किया गया।

### पालक महासंघ के जिलाध्यक्ष बने नितिन

**विदिशा।** पालक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष कमलेश विश्वकर्मा, मप्र प्रभारी प्रमोद पांड्या द्वारा विदिशा जिला अध्यक्ष पद के लिए नितिन सिरभैया को चुना है। नितिन सिरभैया निजी स्कूलों की मनमानी के चलते फीस में वृद्धि व बार-बार कोर्स बदलना जैसे कई मामले उठाते रहे हैं।

## इस बार धान की फसल संकट में, खेतों में लहलहा उठा सोयाबीन



**विदिशा।** समय पर पर्याप्त बारिश न होने के कारण जिन किसानों ने खेतों में धान के गढ़े बनाए थे वह अब अन्य फसलों की बोवनी करने में लगे हैं, क्योंकि धान के लिए किसानों को पर्याप्त बारिश का पानी नहीं मिला है। जिन किसानों के पास पानी से निजी साधन थे वही धान रोप पा रहे हैं। बारिश के सीजन के शुरू में जब खेत तैयार होने लायक बारिश हुई तभी कई किसानों ने सोयाबीन की बोवनी कर दी थी उसके खेतों में सोयाबीन की फसल लहलहाने लगी है, लेकिन धान की बोवनी के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के खेत अब भी खाली पड़े हैं। सोमवार को हैदरगढ़ के कुछ हिस्से में मूसलाधार बारिश हुई। तेज हवा के साथ करीब आधे घंटे जोरदार बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए।

### सोयाबीन की फसल को खरपतवार से ऐसे बचाएं

किसान कल्याण कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपाड़िया ने बताया कि फसल की प्रारंभिक अवस्था में 45 से 60 दिन तक फसल खरपतवार मुक्त रहनी चाहिए। 500 लीटर पानी प्रति हैक्टेयर का उपयोग करें। खरपतवारनाशकों के छिड़काव के लिए फ्लैट फेन या फ्लड जेट नोजल का ही उपयोग करें। छिड़काव नम या भुरभुरी मिट्टी में ही करें। सूखी मिट्टी पर छिडकाव नहीं करें। रसायन चक्र को अपनाएं। बोवनी के पूर्व या बोवनी के तुरंत बाद खरपतवारनाशियों के उपयोग किए जाने की स्थिति में 20 से 25 दिन की स्थिति में बेल चलित डोरा या कल्पा चलाना चाहिए।

## पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार, ग्रामीण इलाकों में बिजली के खंभे चोरी करते थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



ग्रामीण इलाके में बिजली के खंभे चोरी करने का मामला सामने आया है। बिजली के खंभे चोरी करने वाले चार चोर सोमवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

खामखेड़ा पुलिस को सूचना मिली कि ग्रामीण इलाके में कुछ बिजली के लोहे के खंभे पड़े हैं, जिन्हें कुछ लोग चोरी करके ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को मौके पर खंभे चुराते पकड़ लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया और लोहे के खंभे , ट्रैक्टर, हाइड्रा को जब्त कर लिया। चोरी किए लोहे के खंभे की कीमत लगभग एक लाख पंद्रह हजार रुपए व ट्रैक्टर एवं खंभे लोड करने में उपयोग में आने वाले हाइड्रा की कीमती करीब 16 लाख 15 हजार बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो पता चला कि चारों आरोपी प्रीतम सिंह गोविंदपुरा भोपाल, दीपक राव आदर्शनगर भोपाल, संतोष रैकवार नीची ललोई बैरसिया व मतीन खां कोहेफिजा भोपाल का रहने वाला है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाले 5 गिरफ्तार

**विदिशा।** करारिया पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 17 जून को ग्राम मेहंदीपुर थाना करारिया के मलखान सिंह पुत्र गोरेलाल आदिवासी उम्र 19 वर्ष ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसमें ग्राम के ही 5 युवक सुरेंद्र, बबलू, रोहित, भोलाराम एवं राजेश आदिवासी पर प्रताड़ना के आरोप परिजनों द्वारा लगाए गए थे। मर्ग जांच पर से दिनांक 9 जुलाई को उक्त युवकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिन्हें सोमवार को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।

### नियम दरकिनार, हादसे होने के बाद जागता है प्रशासन और विभाग

## मनमानीः ऑटो में क्षमता से अधिक छात्र न प्रशासन को चिंता न विभाग को फिकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में स्कूली ऑटो में नौनिहालों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। बच्चों को कंडम डग्गामार ऑटो में भूसे की तरह भरकर ढोया जा रहा है। लेकिन न तो शिक्षा महकमा सतर्क है न ही अभिभावक और स्कूल प्रबंधन। दूसरी ओर पुलिस जहां चालान काटने में व्यस्त रहती है वहीं परिवहन विभाग नोटिस भेजकर टैक्स वसूली में जुटा रहता है।

नगर में प्राइवेट स्कूलों में जाने वाले बच्चे खतरे में हैं। जिस स्कूल बस, ऑटो और मैजिक से यह बच्चे जाते हैं उन अधिकांश वाहनों की न तो फिटनेस है और न ही चालक प्रशिक्षित हैं और न ही ड्रेस पहने हुए रहते हैं। कई ऐसे वाहन हैं, जो कबाड़ हो चुके हैं। इसके बाद भी बच्चों को स्कूल ले जाने और लाने में लगे हुए हैं। स्कूली ऑटो जहां शहर की सड़कों पर तेज गति से चलाते हैं, तो वहीं ऑटो चालक भी छात्र-छात्राओं को क्षमता से अधिक बैठाकर तेज गति से चला रहे हैं। सुबह स्कूल समय से एक घंटे पहले ही ऑटो चालक बच्चों को लेने उनके घर पहुंच जाते हैं और तेज रफ्तार में ऑटो चलाकर बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद दूसरा राउंड भी लगा देते हैं। बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है यह देखना है तो प्रशासन और यातायात विभाग के अधिकारी सुबह स्कूल समय में शहर की किसी भी सड़क पर खड़े होकर देख सकते हैं। शहर की सड़कों की स्थिति खराब है और सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं इन्ही गड्ढों में से ऑटो दौड़ाते हुए चालक इस तरह से निकलते हैं जैसे ऑटो में बच्चे नहीं कोई सामान भरा हो। नगर के कुछ स्कूलों में तो बस सुविधा है लेकिन कुछ स्कूल संचालक अब भी पालकों को यह सुविधा देने से परहेज कर रहे हैं। पालकों से मोटी फीस तो वसूली जा रही है, लेकिन घर से बच्चे के स्कूल आने से पहले और स्कूल से निकलने के बाद यदि कोई घटना होती है तो स्कूल प्रबंधन स्वयं को जिम्मेदार नहीं मानता। जबकि अब तो सरकार भी सरकारी स्कूलों के बच्चों को बस की सुविधा उपलब्ध करा रही है, लेकिन निजी स्कूल बच्चों से मोटी फीस लेने के बाद भी यह सुविधा नहीं दे पा रहे।

### स्कूली ऑटो में बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से नहीं कोई व्यवस्था



**विदिशा।** निजी ऑटो चालक स्कूली बच्चों को बिना सुरक्षा के बैठाकर तेज गति से ऑटो सड़कों पर दौड़ा रहे।

## 6 माह में जहर खाने के 200 मामले सामने आए

### डॉक्टर बोलेः कई मरीज दम तोड़ चुके, यह चिंता का विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जहरीले पदार्थ खाने के बाद अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जहरीले पदार्थ के सेवन के मामलों ने डॉक्टरों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में रोज जहर खाकर या जहर की चपेट में आने वाले लोग जिला अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। इन मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिसने डॉक्टरों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया। पिछले 6 महीने के दौरान सवा 200 मरीज हॉस्पिटल में भर्ती हो चुके हैं, जिनमें से कई मरीजों की मौत हो चुकी है।

रविवार को लगभग सात मामले सामने आए, जिनमें से 6 जिला चिकित्सालय के और एक मेडिकल कॉलेज में जहर मामले में मरीज भर्ती हुए हैं। इनमें से दो लोगों ने जानबूझकर जहर का सेवन किया जबकि अन्य कीटनाशक दवा का छिड़काव करने के दौरान जहर की चपेट में आ गए। जिसके कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई।

**लोगों में सहनशक्ति का न होनाः** खेतों में दवा डालने के लिए घरों पर आसानी से उपलब्ध हो जाती है। जिसकी वजह से मामूली विवाद होने पर गुस्से में आकर आत्मघाती कदम उठा लेते हैं और कीटनाशक का सेवन आसानी से कर लेते हैं।

### तनाव में उठा लेते हैं गलत कदम

जहरीले पदार्थ के सेवन के मामले बढ़ने से डॉक्टर भी हैरान हैं। डॉक्टरों ने बताया कि जिला अस्पताल में जहरीले पदार्थ के कई मामले सामने आ रहे हैं। अभी खेतों में दवाई का छिड़काव हो रहा है इसके अलावा लोग टेंशन में आ जाते हैं तो गलत कदम उठा लेते हैं और कीटनाशक पी लेते हैं। पिछले दिन 6 मरीज समाने आए थे। हॉस्पिटल की नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि जहरीले पदार्थ के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। एक दिन में 6 मरीज कीटनाशक आए है, जिनके से चार की हालत गंभीर थी तो उन्हें रेफर कर दिया बाकी दो हॉस्पिटल में भर्ती है। मूंदड़ा के रहने वाले टीकाराम ने बताया कि उसके बड़े भाई खेतों में मजदूरी करते हैं। वह खेत में दवाई डाल रहे थे, इसी दौरान हवा चलने लगी तो भैया को दवा लगी है। उनकी तबीयत खराब हो गई थी, उन्हें हॉस्पिटल लेकर आए जहां उन्हें भर्ती किया गया है।

## जंगल में अतिक्रमण नहीं रोक पा रहा वन विभाग का अमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

शमशाबाद वन परिक्षेत्र में वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण का खेल जारी है। जहां भू-माफिया ग्रामीण क्षेत्रों से लगी विभाग की जमीन पर कब्जा कर खेती कर रहे हैं। विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से कागजी खानापूर्ति के लिए पुराना अतिक्रमण करना बताया जा रहा है। वहीं जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।

जहां कर्मचारियों की मिलीभगत से अतिक्रमणकारी जंगल के आसपास खेत बनाकर खेती कर रहे हैं। जंगल काटकर वन विभाग की जमीन पर असरदार लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा कर खेत बना लिए गए हैं।

सिंगरामपुर के किसान रामनाथ सिंह राजपूत ने बताया कि शमशाबाद वन परिक्षेत्र के भगवानपुर, बरोदिया, भियांखेड़ी, पिपरोधा, बांसखोह, सिंगरामपुर के जंगल में बागड़ लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है कुछ जगह वन भूमि में खेती की जा रही है। डीएफओ ओमकार सिंह मार्सकुले का कहना है कि एसडीओ के द्वारा अभी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिन गांव में अतिक्रमण किया गया है उन्हे हटाया जाएगा।

### विट्ठलनगर में पशु क्रूरता का मामला सामने आया

**विदिशा।** शहर की विट्ठल नगर में पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। यहां पर कुछ असामाजिक तत्वों ने एक बैल को रस्सी से बांधकर छोड़ दिया था। बेल का मुंह भी रस्सी से बंधा था और चारों पैर बंधे हुए थे। जिससे न वह कुछ खा पा रहा था। बैल की हालत भी खराब होती जा रही है, आसपास के लोगों ने इस आपत्ति जताई है। वही कोलोइनाइजर के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की है। कॉलोनी में कवर्ड कैंपस होने के बावजूद भी इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं। वहीं कॉलोनी में रेरा टीएन सीपी तमाम प्रकार के नियम होने के बावजूद भी लगातार नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसको लेकर रहवासी परेशान है और कॉलोनाइजर के साथ-साथ इन अपराधियों पर भी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

### योजनाः 124 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**विदिशा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना अंतर्गत विदिशा जिले की जनपद पंचायत कुरवाई, ग्यारसपुर, बासौदा और नगरपालिका परिषद सिरोंज व लटेरी में कुल 124 जोड़ों का विवाह हुआ जिसमें 37 निकाह भी शामिल हैं। वैवाहिक कार्यक्रम व निकाह हितग्राहियों के परिवारजनों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरे रीति रिवाजों से संपन्न कराए गए।

### तीन प्रकरणों में जिलाबदर के आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा तीन प्रकरणों में जिला बदर तथा तीन अपराधियों को थाना हाजिरी के आदेश दिए गए हैं। रितिक उर्फ छिंगा रैकवार निवासी माता मंदिर वाली गली थाना कोतवाली को छः माह के लिए, सचिन अहिरवार निवासी शेरूबाबू अहिरवार निवासी पानी की टंकी के पास लोहांगी को 3 माह के लिए तथा रूपेश शर्मा पिता स्व. मोहन शर्मा निवासी दनवास थाना मुरवास को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। कलेक्टर द्वारा तीन अन्य आरोपियों जित्तू उर्फ जितेन्द्र कैवट पुत्र मुन्नालाल रेकवार निवासी सतपाड़ा सराय, मनीष पुत्र रामचरण कुशवाह निवासी आज्ञाराम कालोनी, कन्हैयालाल लोधी पिता बालाराम थाना करारिया को 50 हजार प्रतिभूति बंधपत्र निष्पादित करने एवं एक वर्ष के लिए संबंधित थाना में माह में दो बार थाना हाजिरी के आदेश दिए गए हैं जिलाबदर के आरोपी विदिशा, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ की सीमा से बाहर रहेंगे।

### स्वास्थ्य, महिला बाल विकास और शिक्षा विभाग लक्ष्यपूर्ति में पीछे

## 15 दिन में लक्ष्यपूर्ति नहीं हुई तो होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आकांक्षी जिला व विकासखंड में लक्ष्यपूर्तियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए पर जोर देते हुए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए।

उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग से संबंधित छह पैरामीटर पर अभियान का क्रियान्वयन किया जाना है। जिला अधिकारी इस ओर विशेष पहल करें ताकि चिन्हित वर्ग के हितग्राहियों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाया जा सकें और आवश्यता के अनुसार बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति की जा सकें। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि एवं शिक्षा विभाग के लिए निर्धारित तीन माह के लक्ष्यों की पूर्ति समय पर नहीं होने पर असंतोष जाहिर करते हुए इन विभागों के जिलाधिकारियों को सचेत किया है कि 15 दिन में शत प्रतिशत तिमाही लक्ष्यपूर्ति नहीं होते है तो जिलाधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि उनके द्वारा स्वयं ही लक्ष्य निर्धारित किए गए थे इसके बावजूद उन लक्ष्यों की पूर्ति नहीं होना बड़ी लापवाही है।




### आदर्श गांवों पर फोकस

सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में चयनित पांच आदर्श गांवों में किए जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई। जिले के पांच विकासखंडों के एक-एक ग्राम आदर्श ग्राम के रूप में चिन्हांकित किए गए हैं। इन गांवों में रहने वाले नागरिकों को शासन की तमाम योजनाओं का लाभ दिया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि आदर्श गांवों के भ्रमण के दौरान कहीं भी किसी भी प्रकार से लापरवाही उजागर नहीं होना चाहिए।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2876
उच्चतम भाव-3820
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2836
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव- 2491
चना
न्यूनतम भाव- 5300
उच्चतम भाव- 6720
मसूर
न्यूनतम भाव-4760
उच्चतम भाव-6500
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4452
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-5550
सरसों
न्यूनतम भाव-3550
उच्चतम भाव-5910
उड़द
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7701
मूंग
न्यूनतम भाव-4150
उच्चतम भाव-7780
धान
न्यूनतम भाव-1520
उच्चतम भाव-2825
अलसी
न्यूनतम भाव-4850
उच्चतम भाव-4850
बटरी
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-5800
तुअर
न्यूनतम भाव-8510
उच्चतम भाव-8510
अन्य
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-5800

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 8232 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### विद्युत कटौती से परेशान

**गंजबासौदा।** नगर में दिन और रात के समय हो रही अघोषित विद्युत कटौती से भीषण गर्मी और उमस के बीच लोग परेशान हो रहे हैं।

### डॉ बीएस यादव का निधन



**गंजबासौदा।** प्रदीप यादव ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय विदिशा एवं अजय यादव पटवारी के पिता डॉ बीएस यादव सेवानिवृत्त चिकित्साधिकारी का बीती रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान बेलोट बायपास बासौदा से सोमवार सुबह बैलोट मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी और मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए सात जोड़ों के विवाह व पांच मुस्लिम जोड़ों के निकाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सोमवार को नवीन कृषि उपज मंडी में सामूहिक विवाह एवं निकाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 7 जोड़ों का वैदिक रीति अनुसार विवाह कराया गया और 5 जोड़ों का मुस्लिम रीति अनुसार निकाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं अधिकारियों ने नवविवाहित जोडों को उपहार सहित आशीर्वाद देकर उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। उधर एक कांग्रेस पार्षद ने इस आयोजन को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा है कि अल्प सूचना में यह सम्मेलन आयोजित कराया गया है। जिससे कई जोडे शासन की इस योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार की योजना के तहत गत 8 जुलाई को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं निकाह योजना के तहत 15 जुलाई को सम्मेलन आयोजित करने की सूचना जारी की गई थी। जिसके लिए निर्धारित समय अवधि में मात्र 12 जोडों के ही विवाह एवं निकाह के लिए पंजीयन हो सके। इसके बाद से प्रशासन ने नवीन कृषि उपज मंडी में गत दिवस से ही इस आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी थीं। सोमवार को निर्धारित समय पर सभी जोडों के पहुंचने पर विवाह एवं निकाह की रस्में शुरू की गईं। जिसमें पं घनश्याम शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात हिन्दु जोडों के विवाह को वैदिक रीति से संपन्न कराया। वहीं काजी अरशद अली ने पांच मुस्लिम जोडों के निकाह मुस्लिम रीति से कराए।

इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राकेश जादौन, देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, सिद्दीक हसन, समीर किरमानी आदि ने सभी नवविवाहित जोडों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सभी वधुओं से मिलकर उन्हें अपनी ओर से भेंट एवं आशीर्वाद भी दिया। बाद में सभी जोडों को योजना के तहत दी जाने वाली राशि का चैक एवं प्रमाण पत्र भी भेंट किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ भगवान सिंह, नपा सीएमओ जयंत वर्मा, मोनिका भार्गव, चंद्रमोहन किरार सहित बडी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पार्षद ने लगाए प्रचार प्रसार न करने के आरोप

**गंजबासौदा।** इस आयोजन को लेकर वार्ड क्रमांक 4 की कांग्रेस पार्षद नीलू मणि भाई अहिरवार ने आपत्ति दर्ज कराई है कि मुख्यमंत्री कन्यादान निकाह योजना का आदेश 8 जुलाई 2024 को जारी किया गया था। जिसमें आवेदन की अंतिम तारीख 12 जुलाई थी। विवाह योग्य वर वधु को मात्र 3 दिन का समय दिया गया। इस आयोजन को लेकर जनपद पंचायत एवं नगर पालिका द्वारा कोई प्रचार प्रसार नहीं किया गया। ना ही जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन ने प्रचार प्रसार किया। जिसके चलते कई माता-पिता अपने बच्चों की शादियां करने से इस वर्ष वंचित रह गए। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रशासन खुद नहीं चाहता था कि इस योजना का लाभ गरीब वंचित परिवारों को मिल सके। यही कारण है की आज मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में प्रचार प्रसार के आभाव में लगभग 12 जोड़े ही सम्मिलित हो सके।



# रह रहकर पड़ी बौछारें, रात में भी बारिश की उम्मीद मौसम बदलने से किसान और नागरिकों को राहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस से मौसम के तेवर बदलते ही जहां किसानों को राहत की उम्मीद बंध गई थी, वहीं नागरिकों को भी गर्मी एवं उमस से आंशिक राहत मिल गई थी। वहीं सोमवार को भी मौसम के तेवर वैसे ही नजर आए। सोमवार को नगर सहित इलाके भर में रह रहकर बौछारों एवं बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। खबर लिखे जाने तक भी आसमान पर गहरी घटाएं छाई हैं और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हो रही है। माना जा रहा है कि रात में इन बादलों से अच्छी बारिश हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से मौसम की बेरूखी के चलते किसानों को काफी चिंता और परेशानी हो रही थी। बारिश न होने से किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं, वहीं सोयाबीन एवं अन्य फसलों में भी कीट व्याधि बढ रही है। बारिश के अभाव में किसान फसलों में पोषक एवं कीटनाशकों का भी छिडकाव नहीं कर पा रहे थे। जिससे सभी चिंतित थे। उधर गत दिवस से मौसम के तेवर बदलने से सभी को राहत मिली। सोमवार को भी सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे लेकिन उनसे दोपहर तक पानी नहीं बरसा। दोपहर बाद नगर सहित आसपास के क्षेत्र में कुछ समय तक अच्छी बौछारें पडीं जबकि आसपास के क्षेत्र में भी कुछ समय तक बारिश हुई। इसके बाद शाम को एक बार फिर आसमान पर गहरी घटाएं छा गईं और उनसे रह रहकर बौछारें पडती रहीं। जबकि खबर लिखे जाने तक तेज गरज चमक के साथ बौछारें जारी रहीं। इन बादलों से रात में भी लोग अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे हैं। उधर मौसम की वेबसाइटों ने आगामी दिनों में भी इलाके में अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। हांलाकि अच्छी बारिश के बावजूद तापमान में गिरावट के संकेत नहीं हैं।

# घरेलू विवाद में पति ने खाया जहर, पत्नी ने लगाई फांसी, पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बीती रात एक नवविवाहित जोड़े के बीच घरेलू विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया और उसकी पत्नी ने हाथ की नस काटकर एवं फांसी लगा ली। हालांकि इस वारदात में अस्पताल में त्वरित उपचार मिलने से युवक की जान तो बच गई, लेकिन उसकी पत्नी की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस अब जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम सुमेर दांगी निवासी अभिषेक दांगी की करीब डेढ़ वर्ष पूर्व ही विदिशा निवासी साक्षी दांगी से शादी हुई थी। अभिषेक एक निजी बैंक में कार्यरत है। दोनों मुस्कान टॉकीज के सामने स्थित पैतृक घर में रहते थे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात किसी बात को लेकर नवदंपति में विवाद हुआ और इसी दौरान अभिषेक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद उसकी बहन उसे एक निजी अस्पताल ले गई। जहां अभिषेक को भर्ती कर उपचार दिया गया। उधर इस बीच साक्षी ने अपने हाथ की नस काटकर फांसी लगा ली। अभिषेक को भर्ती कराकर उसकी बहन जब वापस घर लौटी तो साक्षी फंदे पर लटकी मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर परीक्षण के लिए पहुंचाया और सुबह परीक्षण के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। उधर अस्पताल में भर्ती अभिषेक की उपचार के बाद स्थिति सामान्य हो गई। जिसके बाद साक्षी के शव को ग्राम सुमेर दांगी ले जाकर वहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। उधर इस घटना के बाद उनके मोहल्ले मुस्कॉन टॉकीज क्षेत्र में और ग्राम सुमेर दांगी में शोक की लहर व्याप्त है और सभी इस घटना से स्तब्ध हैं।

इस संबंध में एसडीओपी मनोज मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि दंपति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। जिसके बाद यह घटना हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और पीएम रिपोर्ट एवं परिजनों के बयान के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### शासकीय माध्यमिक शाला सेमरी में हुआ आयोजन

# बाल कैबिनेट गठन व सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी मे बाल कैबिनेट का गठन एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बलराम कुर्मी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा बच्चो में बचपन से ही लोकतंत्र की समझ और मजबूती के लिए बाल कैबिनेट का गठन जरूरी है। स्कूलों में बाल कैबिनेट बनाने का मकसद छात्रों को उनके जीवन कौशल विकसित करने में मदद करना है। इससे छात्रों को स्कूल में मुद्दों को साझा करने, उन पर चर्चा करने और उन्हें दूर करने का मंच मिलता है। इससे स्कूल में सीखने का माहौल बेहतर होता है। बाल कैबिनेट के ज़रिए छात्रों को उनकी ज़िम्मेदारियों के बारे में भी बताया जाता है। बाल कैबिनेट के सदस्यों को उनकी भूमिका के साथ बैज भी दिए गए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बलराम कुर्मी का पुष्प मालाओं और पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनशिक्षक अमित श्रीवास्तव ने गुरू की महिमा बताते हुऐ राष्ट्र का निर्माणकर्ता बताया। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष फेरन सिंह लोधी ने बाल केबिनेट के सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई व राष्ट्र, समाज, ग्राम, विद्यालय हित मे कार्य करने का संकल्प दिलाया। प्रधानाध्यापक प्रज्ञानंद जाटव ने सभी पदाधिकारीगण बच्चो को उनके कार्य, भूमिका समझाई। बाल कैबिनेट मे राष्ट्रपति अनुष्का राजपूत, प्रधानमंत्री आदर्श लोधी , गृह मंत्री आर्यन सेन, शिक्षा मंत्री खुशी अहिरवार, खेल मंत्री लक्ष्मी विश्वकर्मा, अनुशासन मंत्री मानव लोधी, सांस्कृतिक मंत्री पूनम अहिरवार, पौधारोपण मंत्री राहुल लोधी सहित कैबिनेट के अन्य सदस्यो ने शपथ ली।


# वार्डवासियों ने कराया घायल सांड का उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पिछले कुछ दिनों से वार्ड में घायल हालत में पड़े एक सांड का सोमवार को वार्ड की महिलाओं एवं बच्चों ने पशु चिकित्सक को बुलवाकर उपचार कराया। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 2 में फ्रीगंज स्कूल के पास घूमने वाले एक सांड को बच्चे प्यार से मोंटू कहते हैं। यह सांड किसी को मारता नहीं है और चुपचाप जो मिल जाता है, खा लेता है। पिछले दिनों सांड के पैर में खुर के पास एक गहरा घाव हो गया था, जिससे वह चल फिर नहीं पा रहा था। मोहल्ले के कुछ लोगों ने गौसेवकों से उसका उपचार भी कराया, लेकिन ज्यादा लाभ नहीं हुआ। इसके बाद सोमवार को वार्ड की महिलाओं और बच्चों ने गौसेवा में अग्रणी लालू महाराज और गौवंश का उपचार करने वाले उमाकांत पुरोहित को बुलवाया। जिन्होंने मोहल्ले के लोगों की मदद से घायल सांड के घाव को अच्छी तरह साफ कर उसकी मरहम पट्टी की और इंजेक्शन लगाए। जिसके बाद सांड को कुछ राहत मिली और उसने चारा पानी खाया।

### मूंग बेच चुके किसान अब भुगतान पर्ची के लिए परेशान



**गंजबासौदा।** नगर में समर्थन मूल्य पर मूंग विक्रय करने वाले किसान अब विक्रय एवं भुगतान पर्ची न मिलने से परेशान हो रहे हैं। सोमवार को ऐसे ही किसान बडी संख्या में उपार्जन केन्द्र पहुंचे, जहां कर्मचारियों के मनमाने जबाब से किसान परेशान हो गए। उपार्जन केंन्द्र पर मूंग बेंच चुके किसान चंद्रभान सिंह, शीलाबाई, हिम्मत सिंह, देवेन्द्र लोधी, रूपसिंह, हीरालाल आदि ने बताया कि उन्होंने गत 11 और 12 जुलाई को अपनी मूंग केन्द्र पर बेंची थी, तब सर्वर न चलने से भुगतान पर्ची नहीं मिल पाई थी। इसके बाद से लगातार सर्वर डाउन रहने से उन्हें पर्ची नहीं मिल सकी। सोमवार को सर्वर ऑन रहने पर जब वे पर्ची लेने पहुंचे तो उनकी पर्ची साइट से जारी ही नहीं हो रही है। ऐसे में किसान काफी परेशान हो गए। बाद में मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक भैरोसिंह राजपूत ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश दी और उन्हें भुगतान पर्ची जारी होने का आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह

# 25 विवाह और 32 निकाह के साथ 57 नवयुगल बंधे परिणय बंधन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सोमवार को नगर में मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कृषि उपज मंडी प्रांगण में संपन्न हुए इस सम्मेलन में 57 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने स्थानीय नपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष के साथ वर वधुओं को शुभकामनाएं देते हुए शासन द्वारा प्रदत्त उन्नचास हजार राशि के चेक प्रदान किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ ओर उनसे आमजन को सीधे तौर पर हो रहे प्रत्यक्ष लाभों पर प्रकाश डाला, इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के शासन काल मे हुई ऐतिहासिक विवाह समारोह का भी स्मरण किया। इसके पूर्व विवाह सम्म्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को जनपद में पार्षद सचिन शर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन मनोज शर्मा ने एवं आभार बालमुकुंद कुशवाह ने व्यक्त किया।






### सत्तावन जोड़े बंधे निकाह और विवाह के बंधन में

सम्मेलन में 25 विवाह व 32 निकाह एक ही परिसर में हुए। टेंट,विवाह मंडप,खाना आदि सभी व्यवस्थाएं नगर पालिका द्वारा की गईं थीं। एसडीएम हर्षल चौधरी, सीएमओ पवन शर्मा, जनपद सीईओ वंदना शर्मा व अन्य सरकारी अमला व्यवस्थाएं बनाने व निरीक्षण में जुटा हुआ था। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता तोषमणि पंथी आदि के साथ जनप्रतिनिधि एवं संगठन के पदाधिकारी भी मंच पर उपस्थित रहे। थोड़ी देर के लिये बारिश भी हुई लेकिन टेंट के ऊपर पॉलीथिन डली होने से कोई विशेष अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़ा।

### सिरोंज में हुई सबसे ज्यादा शादियां

सोमवार को पुरे विदिशा जिले में शासकीय सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत बासौदा में 12 विवाह, जनपद पंचायत ग्यारसपुर में 12 विवाह, जनपद पंचायत कुरवाई में 10 विवाह, जनपद लटेरी में 34 विवाह, सिरोंज जनपद में 57 विवाह हुए। जो जिले में सबसे ज्यादा हैं। सिरोंज लटेरी विधानसभा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 91 विवाह सम्पन्न

## ग्राम इकोदिया-इकलौद के समीप राजस्व भूमि पर पारदी परिवारों ने जमाया डेरा

### पारदी परिवारों के आने से ग्रामीणो में भय का वातावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम इकोदिया-इकलौद के बीच वन विभाग की नर्सरी के समीप अचानक बाहर से आए लगभग 25 पारदी परिवारों ने अपना अस्थाई ठिकाना बनाए हुए है जिसको लेकर आसपास के ग्रामीणों के बीच भय का वातावरण बना हुआ। ग्रामीणों ने इन पारदी परिवारों को उक्त स्थान से हटाने की मांग कि लेकिन सूचना के बाद भी प्रशासन की ओर से इस तरफ कोई भी कदम नहीं उठाया गया अब ग्रामीणों के बीच डर का माहौल है। ग्राम इकोदिया निवासी किसान सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि पूर्व में कई बार डकैती हत्या की घटना हुई थी जिसमें खुलासा होने के बाद सामने आया था कि घटना को अंजाम देने वाले पारदी थे कहीं फिर दोबारा इस तरह की अप्रिय घटना घटित ना हो इसको ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन को बाहर से आए इन परिवारों की जांच पड़ताल कर मौके से हटाया जाए आखिर वन भूमि पर इस तरह से अचानक आकर अस्थाई निवास बनाने वाले लोगों की मंशा क्या है यह स्पष्ट होना चाहिए।

**इनका कहना है**

उक्त मामला हमारे संज्ञान में पहले ही आ गया था। उसके लिए हमने नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल को कार्यवाही के लिए निर्देशित कर दिया है।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज

### महिला और बच्चे कर रहे गांवो में भ्रमण

*ग्रामीणों ने बताया कि इन पारदी परिवारों के पुरुष हमेशा नदारद रहते हैं उनके अस्थाई ठिकानों पर महिला बच्चों का डेरा जमा रहता है बच्चे एवं महिलाएं दिन में गांवो का भ्रमण करती है। यदि कोई ग्रामीण इनसे ग्राम में घूमने का कारण पूछता है तो वह किसी से कुछ बात नही करती और मरने मारने के लिए उतारू हो जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि यह पारदी परिवार कहीं किसी बड़ी घटना को अंजाम दे इससे पहले उनकी पड़ताल प्रशासन को करना अति आवश्यक है। यहां पर इनका अस्थाई ठिकाना बनाकर रहना क्या उद्देश्य है आखिर यह काम क्या करते हैं क्यों यहां आए हैं कहां से हैं। इनकी जानकारी प्रशासन को लगाना चाहिए। जब गांव के चौकीदार ने मौके पर पहुंच कर उनसे पूछताछ की तो महिलाएं मारने के लिए उतारू हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पारदी परिवारों को हटाने की मांग की है।*

### अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग का पहली बार हुआ सामूहिक

## नव दंपतियों को उपहार के रूप में दिया संविधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कृषि उपज मंडी प्रांगण में रविवार को संपन्न हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन अपने आप में अनूठा था। आयोजक समिति द्वारा गृहस्ती की सामग्री के साथ-साथ संविधान दिया गया। इसके साथ ही सभी वर्गों का एक साथ एक मंच पर समागम देखने को मिला समिति के इस अनूठे प्रयास को आमजन द्वारा सराहनीय बताया जा रहा है। अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के सचिव दिनेश कुमार शाक्य ने बताया कि नो दंपति इस विवाह सम्मेलन में शामिल हुए जिन्हे गृहस्ती की सामग्री के साथ प्रमाण पत्र एवं संविधान की प्रति देकर परिजनों के साथ समिति ने आशीर्वाद दिया।



### मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म

*वही समिति अध्यक्ष डॉक्टर लखपत सिंह ठकरेले ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है उन्होंने आगामी वर्ष और विशाल पूर्णता निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा भी की। वही उन्होंने कहा कि समिति सामूहिक विवाह सम्मेलन के अलावा अन्य सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य करेगी ठकरेले ने सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की पुरजोर मेहनत को नमन करते हुए उन्होंने समिति के हर एक सदस्य को सामाजिक क्षेत्र में काम करने का आवाहन करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपाध्यक्ष उजागर सिंह यादव, बुंदेल सिंह कुशवाह, बालाराम साहू, सोनू धाकड़, कैलाश नारायण कुर्मी, संजीव त्यागी, माखन सिंह धाकड़, धनराज नायक कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

### फूल माला पहनाकर किया गया स्वागत

## बैचलर ऑफ जर्नलिज्म पत्रकारिता की उपाधि मिलने पर पत्रकार महासंघ ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पत्रकार महासंघ के साथी वरिष्ठ पत्रकार जफर उल्लाह, जुनेद अहमद, वकार आजम को बेचेलर ऑफ जर्नलिज्म पत्रकारिता में स्नातक की डिग्री मिलने पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के सदस्यों ने तीनो सदस्यों को फूलमाला पहनाकर बधाई दी।





इस अवसर पर बधाई देने वालो में पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,नसीम खान, सलमान खान, तोषमणी पंथी, वसीम अख्तर, शैलेन्द्र रघुवंशी, रजी खान, अब्दुल अलीम, इरफान मंसूरी, अरबाज खान, नरेन्द्र बडसेना, सुनील नगीना, बब्लू यादव, तबरेज आलम, चेतन पंथी आदि मौजूद रहें।

### वन विभाग की सैकड़ों हेक्टर जमीन पर अतिक्रमण, विभाग की नहीं खुल रही नींद

कस्बा बागरोद। शासन एवं वन विभाग जहां वन भूमियों से अतिक्रमण हटाने मुहिम चलाकर अपराधियों पर दंडात्मक कार्यवाही कर रहा है। हाल ही में इसका एक उदाहरण खंडवा मे देखनों को मिला जहां विभाग ने 400 जवानों के साथ सात हजार हेक्टर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया साथ ही आरोपियों पर जिला बदर की कार्रवाई की, लेकिन विदिशा मुख्यालय से थोड़ी ही दूरी पर ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र की सैकड़ों हेक्टर जमीन नेशनल हाईवे कस्वा बागरोद एवं आस पास के ग्रामों में है जिसपर वन विकास निगम एवं वन विभाग कई बार प्लांटेशन करा चुका, लेकिन आज की हालत में विभाग की सैकड़ों हेक्टर जमीन पर चारों और अतिक्रमण हो चुका है। अतिक्रमण कारी उक्त भूमियों पर वर्षो से खेती करते आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिन किसानों की खेती वन भूमि से लगकर है उन किसानों ने तो अतिक्रमण किया ही साथ ही अन्य लोगों ने भी वन भूमि से सागौन, सीसम तेंदू जैसे बेस कीमती वृक्षों को नष्ट करके खेती भूमि बना दी गई और लाखों रुपए की उपज ले रहे हैं। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि वन विकास निगम एवं वन विभाग की नेशनल हाईवे किनारे की वेश कीमती जमीन पर भी अतिक्रमण कर पंजा प्लाऊ चला दिए हैं।

## ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल ने प्रतिभावान छात्रों को 3 लाख 17 हजार की स्कॉलरशिप से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल ने छात्र-छात्राओं को सत्र 2023-24 की सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने पर 3 लाख 17 हजार की स्कॉलरशिप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। ज्ञात हो कि ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन प्रतिवर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80%, 85%, 90% एवं 95% अंक प्राप्त करने पर क्रमशः 7000, 10,000, 15,000 एवं 20000 रुपए की राशि एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड के रूप में प्रदान करता है।




सत्र 2023-24 में कक्षा 12वीं में निष्ठा रिछारिया 93.8%,15000 । प्रीत पटेल 93.4%, 15000 । सौम्या सेन 88.8%, 10000 । युवराज सिंह राजपूत 86.4%, 10000 । नंदिनी सिंह बुंदेला 86.4%,10000 । धीरेंद्र सिंह ठाकुर 84.8%, 7000 । अविरल जैन 83.8%, 7000 । आयुष ठाकुर 82.4%, 7000 । ध्रुव सिंह कुशवाहा 81.6%, 7000 । शिवांगी अग्रवाल 81.4%, 7000 । वैभव आशीष लहरिया 80.8%, 7000 ।

कक्षा दसवीं में तनिष्का माथुर 95.3%, 20000 । आर्या जैन 95.2%, 20000 । वेदिका पाण्डेय 92.7%, 15000 । अनुष्का जैन 92.6% 15000 । शिवा पाठक 92.5%, 15000 । तेजश्री तिवारी 90.3%, 15000 । ऋषिका सोनी 89.7%, 10000 । रिद्धिमा सिंह चौधरी 88.2%, 10000 । नैन्सी ठाकुर दांगी 87.5%,10000 । आदित्य कुर्मी 87% 10000 । अदिति जैन 86.8%, 10000 । पलक अशोक झा 85.8%,10000 । राधिका सिंह ठाकुर 85.8%,10000 । आदर्श प्रताप सिंह लोधी 85.7%, 10000 । अर्हम जैन 84.3%, 7000 । गौरी यादव 81.8%, 7000 । अदिति द्विवेदी 81.7%, 7000 । रिमशा खान 81.2%, 7000 । शुभ सिरोठिया 80.3%, 7000।

इस तरह कुल 3 लाख 17 हजार की राशि चेक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। ग्रेटमेन स्कूल एकेडमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर खेल स्कॉलरशिप भी प्रदान करता है। संस्था की अध्यक्ष पारुल साहू केशरी ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

### विद्यार्थी परिषद का छात्र सम्मान समारोह कल

**हरिभूमि न्यूज. कुरवाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार सुबह 11 बजे प्रतिभा सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 60% से अधिक अंक पाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा उपस्थिति रहेगी। कुरवाई में स्थान घुंघट गार्डन बेतवा पुल के समीप 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

### एसडीएम ने जनसुनवाई में आवेदकों की सुनी बात

**हरिभूमि न्यूज. लटेरी।** तहसील कार्यालय लटेरी में आयोजित जनसुनवाई में एसडीएम अनुभा जैन के समक्ष आवेदक दिया गया था कि सीएम राइज स्कूल में मजदूरी करने बिहार, दमोह से आए हैं। पिछले दो माह से काम कर हैं। मजदूरों ने बताया कि हमारे ठेकेदार द्वारा 2 माह से हमारी मजदूरी रोक रखी है। जिसे दिलवाए जाने का निवेदन जन सुनवाई के माध्यम से मजदूरों ने किया। उक्त आवेदन के संबंध में तत्काल संबंधित निमार्णाधीन सीएम राइज स्कूल लटेरी के ठेकेदार से अनुभा जैन एस.डी.एम. लटेरी द्वारा बात की गई और मजदूरों का भुगतान करवाया गया।

## अफसरों पर नाराज हुए विधायक हरिसिंह सप्रे




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत के संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना का आयोजन आजीविका मिशन के भवन में सोमवार को किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे एवं जनपद अध्यक्ष ममता महाराज सिंह डाबरी उपस्थित रहे।

विधायक सप्रे ने अधिकारियों को योजना के प्रचार प्रसार न करने को लेकर नाराजगी जताई। वहीं कार्यक्रम की जानकारी मीडिया को नहीं देने के कारण कार्यक्रम में पत्रकार नहीं पहुंचे इस बात को लेकर विधायक ने नाराजगी व्यक्त की।

एसडीएम मनोज प्रजापति एवं जनपद सीईओ पीयूष आयुष अग्रवाल ने बताया कि आयोजन में नगर के 6 जोड़े एवं ग्रामीण क्षेत्र के चार जोड़ा का विवाह/निकाह विधि विधान से संपन्न हुआ। जिसमें से आठ जोड़ों का क़ाज़ी द्वारा निकाह कुबूल कराया गया एवं दो जोड़े का पंडित द्वारा विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सोनिका हरनेश यादव शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, नगर परिषद के पार्षद गण एवं जनपद व नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुनहरा कल केंद्र पर विश्व युवा दिवस मनाया



**ग्यारसपुर।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के ग्यारसपुर इलेक्ट्रिकल सेंटर में विश्व युवा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रीति शंकरदयाल शर्मा जनपद उपाध्यक्ष की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। सेंटर स्टाफ द्वारा सभी अतिथियों एवं स्टूडेंट्स को प्रथम संस्था के द्वारा चलाए जा रहे सभी प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई। उपाध्यक्ष ने द्वारा सभी स्टूडेंट्स को संबोधित किया गया। जिसमें उन्होंने प्रथम संस्था द्वारा चलाए जा रहे सभी प्रोग्राम की सराहना की ओर बच्चों के मनोबल को बढ़ाकर जॉब पर जाने के लिए प्रेरित किया गया। द्वारा सभी स्टूडेंट्स को जीवन में आने वाली चुनौतियों को कैसे आसानी से पार करना है बताया गया। इसके पश्चात सभी स्टूडेंट्स ने अपने बनाए हुए प्रोजेक्ट (फायर अलार्म, वेक्यूम क्लीनर) को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया और अतिथियों द्वारा सभी की सराहना की। अंत में सभी अतिथियों एवं स्टूडेंट्स द्वारा वृक्षारोपण किया गया इस दौरान एडवोकेट राजीव जैन और संस्था के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## दादा-दादी, नाना-नानी का हुआ सम्मान




बरेली। नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था गुरूकुल स्कूल में छात्र-छात्राओं के दादा-दादी, नाना-नानी की उपस्थिति में बड़ों के प्रति आदर सम्मान के कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा स्वागत गीत, दादी अम्मा मान जाओ गीत नृत्य के साथ शुरूआत हुई। कार्यक्रम में महेन्द्र वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कक्षा एक एवं 2 के बच्चों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं के दादा दादी, नाना नानी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। छोटे छोटे बच्चों द्वारा अपने बुजूर्गों के सामने मनमोहक गीत नृत्यो की प्रस्तुतियां दी गई। दादा दादी, नाना नानी के बीच खेल भी हुए और विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संचालक प्रशांत राठी ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा भारतीय संस्कृति के साथ देने का प्रयास किया जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के मन में अपने बुजूर्गो के प्रति मान सम्मान औश्र स्नेह की वृद्धि करना है। सभी बुजूर्गो से महाभारत के प्रसंग की कहानी के माध्यम से बशो को शिक्षाप्रद प्रभावी कहानियों से जोड़ना और मोबाइल से बच्चों को दूर रखने का आग्रह राठी ने किया। कहा कि वर्तमान माहौल के अनुसार परवरिश और शिक्षा जरूरी है।

### मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 35 जोड़े जीवन साथी बने

## 21 जोड़े ने लिए फेरे ,14 ने कबूला निकाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

सोमवार को 35 जोड़े परिणय ने बंधन में बंधकर सात जन्मों के लिए एक हो गए। इनमें से 21 जोड़े सात फेरे लेकर सात जन्मों तक एक हो गए। वहीं 14 जोड़े के लिए काज़ी की मौजूदगी में निकाह कबूल है कर शादी की रश्म अदायगी पूरी की और एक दूजे के हो गए।

सोमवार को स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा सब्जी मंडी प्रांगण लटेरी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजनांतर्गत विवाह/निकाह का



सम्मेलन का यह कार्यक्रम हुआ। जिसमें कुल 35 जोड़ा सम्मिलित होकर दांपत्य जीवन में बंधे। इस अवसर पर नव दंपत्तियों को गुंड-गगरा संप्रेम भेट करते हुए नगर परिषद लटेरी द्वारा 49 हजार के स्वीकृति पत्र वर-वधु को प्रदान किए गए। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति अनुभा जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आभार रणवीर सिंह राजपूत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत की ओर से वर - वधु को एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत भेंट कर इसे लगाने और इसकी रक्षा करने की बात वर वधु को कही गई है।

**क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद की अनुपस्थिति चर्चा का रही विषयः** विवाह निकाय सम्मेलन में वर वधु एवं उनके परिवार के लोगों को इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं क्षेत्रीय सांसद से आशीर्वाद की उत्सुकता रही किंतु उनकी अनुपस्थिति की वजह से घराती एवं बाराती की मंशापूर्ण न हो सकी है।

## महंगाई : कद्दू ने भी कहा भाव में हम भी किसी से कम नहीं

# रसोई हुई महंगी-टमाटर हुआ और लाल तो मिर्च का स्वाद हुआ अत्याधिक तीखा

### ◆ आलू, प्याज के दाम भी 40 रुपए किलो हो गए, अब 100 रुपए में पर्याप्त सब्जी नहीं आ रही, नया उत्पादन आने में अभी 2 माह लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में सब्जी के दाम दोगुना बढ़ गए हैं। सब्जियों का जायका महंगा होता जा रहा है। सब्जी के बढ़ते दामो के चलते टमाटर लाल आंखे तरेर रहा है जबकि मिर्ची का स्वाद हद से ज्यादा तीखा हो गया है। प्याज आंख में आंसू ला रही हैं, किसानों ने कछवारों में सब्जियों की पौध लगाई है लेकिन सही बारिश नहीं होने से खरपतवार ज्यादा बढ़ रही है। सब्जी के पौधे को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में पौध की वृद्धि रुक गई है। निंदाई गुड़ाई का काम चल रहा है। नया उत्पादन आने में डेढ़ से 2 माह का समय लग सकता है।अभी कछवारों में पूरी पौध भी नहीं लग पाई है।

स्थानीय सब्जी मंडी में भिंडी, लौकी, गिलकी, कददू आ रहा है। इसके दाम भी बढ़ गए हैं। आलू, प्याज के दाम भी बढ़ गए हैंए वह भी खराब हो रहे हैं। कोल्ड स्टोरेज से आलू नहीं आ पा रहा है, इसका भाड़ा भी बढ़ रहा है। जिससे अभी आलू प्याज के दाम 40 रुपए के पार हो चुके हैं। बारिश में हर साल सब्जी महंगी होती है। शिमला मिर्च, परवल जैसी सब्जियां भी बाहर से आ रही हैं। जिससे फुटकर में टमाटर के दाम अभी 80 रुपए किलो हैं। क्वालिटी प्रतिदिन खराब होती है,जिससे अंत में 60 किलो तक बिक जाते है। इतना ही नही बढ़ रहे सब्जी के दामो में हरी मिर्च 2 सौ रुपए किलो पर पहुंच गई है। धनिया पत्ती भी 2 सौ किलो फुटकर बाजार में बिक रही है।



### गृहणियों ने बताया बढ़ते हुए दामों पर लगना चाहिए रोक

गृहणी सीमा बाई, लक्ष्मी देवी, ललिता देवी, मुस्कान आदि ने बताया कि सब्जी के दाम लगातार बढ़ रहे है, सब्जी महंगी होने से माह का वजट गड़बड़ हो रहा है, सरकार को सब्जी के बढ़ते दामों पर रोक लगानी चाहिए ताकि मध्यम वर्ग को राहत मिल सके।

### सब्जी विक्रेताओं के अनुसार हरी सब्जियों के दाम

*सब्जी मंडी में फुटकर सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। विक्रेता मनोहर, सुरेश, लखन बताते हैं कि अभी लौकी, ककड़ी, आलू, प्याज, गिलकी, भिंडी, भटा, पालक, पत्ता गोभी, बरबटी, भाजी, कटहल 40 से 60 रुपए रुपए प्रति किलो बिक रहा है। बड़े भटा 20 से 40 रुपए किलो भी बिक रहे हैं। टिंडा, अरबी 60 रुपए, फूलगोभी, टमाटर, करेला, करोंदा 80 रुपए, शिमला मिर्च, परवल 100 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं। मसाला सब्जियों में हरी मिर्च 200 रुपए,धनिया 200 रुपए, लहसुन 300 रुपए, अदरक 200 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। नीबू के दामों में गिरावट आई है। 10 में 5 आ रहे हैं, अरबी के पत्ते 5 रुपए में 2 आ रहे हैं। महिलाओ का कहना है कि सब्जी के बते दामो ने किचिन का वजट गड़बड़ा गया है।*

# फीस बढ़ाने पर हुए एक्शन का विरोध जिले के सभी निजी स्कूल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सोपास संगठन नर्मदापुरम ने सभी निजी विद्यालयों से आह्वान किया गया है कि सरकार द्वारा फीस विनिमियन में दी जाने वाली जानकारी जिस पोर्टल के माध्यम से ली जा रही है उस ऑनलाइन पोर्टल में अत्यधिक खामियां हैं। विद्यालय संचालकों द्वारा यह मांग की जा रही है कि प्रशासन पहले फीस जानकारी एकत्र करने वाले पोर्टल में सभी आवश्यक सुधार करे और उसके पश्चात आने वाले आगामी सत्र से सभी स्कूल संचालकों को व्यवस्थित प्रशिक्षण देकर उस पोर्टल में जानकारी देने हेतु आदेशित करें। फीस विनिमियन द्वारा मध्यप्रदेश के राजपत्र 2020 में यह स्पष्ट उल्लेखित है की सभी निजी विद्यालयों को फीस से संबंधित जानकारी पोर्टल के माध्यम से ही देना है लेकिन शासन द्वारा यह पोर्टल जिसे 2020 में शुरू होना था वह पोर्टल सरकार द्वारा 2024 में शुरू किया गया है और प्रशासन द्वारा 2024 में पोर्टल शुरू करने के पश्चात 2020-21 से सभी स्कूलों से फीस की जानकारी मांगी जा रही है।इन छात्रों के दौरान कॉविड काल के दौरान इन शिक्षा सत्रों में स्वयं शासन द्वारा और सुप्रीम कोर्ट द्वारा फीस को लेकर अलग-अलग निर्णय दिए गए हैं। जिसके कारण पोर्टल पर वास्तविक जानकारी भरने में अत्यंत असुविधा हो रही है किसके कारण शासन और स्कूल संचालक दोनों ही भ्रम की स्थिति में है स्कूल संचालकों का सिर्फ एक ही मांग है कि सिर्फ आप पोर्टल को दुरुस्त कर फीस विनियम जानकारी भरने के लिए सभी शाला संचालकों को प्रशिक्षण दें। चूंकि आपके द्वारा इस पोर्टल पर अभी भी काम शेष है सो इसे दुरस्त कर इसे आगामी सत्र से प्रारंभ करें। शान द्वारा हमारी जायज मांग को स्वीकार करना चाहिए धीरे-धीरे प्रदेश के अन्य जिले भी अनिश्चितकालीन बंद की ओर अग्रसर होंगे ।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने हड़ताल को लेकर निजी स्कूल संचालकों से कहा है कि स्कूल संचालक देश की व्यवस्था का सबसे जिम्मेदार व्यक्ति होता है। वह अगर हड़ताल पर जाने का गैर जिम्मेदार निर्णय करेगा तो उसके परिणाम ठीक नहीं होंगे।

## सिकमी पर भूमि नीलामी की कार्रवाई 15 को

**नर्मदापुरम।** न्यायालय नायब तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण ने बताया है कि अनुविभागीय अधिकारी होशंगाबाद के राजस्व प्रकरण क्रमांक 28/बी-121/2008-09 आदेश दिनांक 13/11/2009 के द्वारा तहसीलदार होशंगाबाद को सार्वजनिक न्यास कमांक 326/55 नर्मदा जी मंदिर नर्मदापुरम की राजस्व निरीक्षक मण्डल' -02 नर्मदापुरम पटवारी हल्का नंबर 18 ग्राम कुलामंड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 59, 62, 66, 366 कुल रकबा 11.913 हेक्टेयर में से एक हेक्टेयर भूमि सड़क निर्माण में अधिग्रहीत होने के कारण शेष बची भूमि 10.913 हेक्टेयर भूमि का रिसीवर नियुक्त किया गया है। बताया गया है कि कृषि वर्ष 2024-25 के लिये उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि रकबा 10.913 हेक्टेयर कृषि कार्य हेतु सिकमी नीलामी पर दिया जाने हेतु ग्राम पंचायत कुलामडी, नर्मदापुरम में 15 जुलाई को दोपहर 2 बजे स्थान : ग्राम पंचायत कुलामडी, नर्मदापुरम में नीलामी की कार्यवाही संपादित होगी।

## बस को मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नर्मदापुरम । परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय की 2 बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व राज्य सभा सांसद माया नरोलिया एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ कक्ष का अवलोकन किया। और विद्या वन में पौधरोपण किया। संभागायुक्त केजी तिवारी ने भी पौधरोपण किया।

# विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन राजीव राव गौतम व राजेन्द्र सिंह शाक्या, न्यायिक मजिस्ट्रेट रायसेन की गरिमामयी उपस्थिति में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा वन स्टॉप सेंटर रायसेन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राजीव राव गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि वन स्टॉप सेंटर हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु एक ही स्थान पर अस्थाई आश्रय, पुलिस सहायता, विधिक सहायता, चिकित्सा व परामर्श की सुविधा प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। महिलाओं एवं बालिकाओं की विधिक सहायता हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव तत्पर है।

इस दौरान राजेन्द्र सिंह शाक्या, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायसेन ने घरेलू हिंसा अधिनियम एवं महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन राजीव राव गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह शाक्या, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनीस उद्दीन अब्बासी, दीपक संकट, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रायसेन एवं वन स्टॉप सेंटर के प्रशासक मंजू पटेल द्वारा वन स्टॉप सेंटर परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

## पीएम के बाद परिजनों को सौंपा शव

# खेत पर काम करते समय युवक की करंट से मौत

### मोटर के वायर सुधारने दौरान आई बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सोमवार को एक यवक की मौत बिजली का करंट लगने के कारण हो गई। जानकारी अनुसार सांची थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम धनियाखेड़ी में खेत पर काम कर रहे युवक को बिजली का करंट लग गया था। परिजन युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव का पोस्टमार्टम सांची सिविल अस्पताल में किया।



पुलिस के मुताबिक संतोष यादव पिता शेर सिंह यादव उम्र 22 साल निवासी धनियाखेड़ी अपने खेत पर जब बिजली नहीं थी तब मोटर चलाने वाले बिजली के तारों को ठीक कर रहा था। उसी समय अचानक से बिजली आ गई। जिससे युवक करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम सांची सिविल अस्पताल में होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं सांची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वेयरहाउस व्यवस्था व रखरखाव की प्रणाली पर उठ रहे हैं सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

वेयर हाउस कॉरपोरेशन द्वारा वेयर हाउसों की निगरानी और व्यवस्था के नाम पर लाखों रुपए का बजट वेयरहाउस कॉरपोरेशन को उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन वेयरहाउस में सुविधा के नाम पर व्यवस्था का माहौल बना हुआ है। वेयर हाउस रखा गया माल की क्षमता के आधार पर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करना और बेहतर माल की क्वालिटी रखना वेयरहाउस प्रभारी एवं कॉरपोरेशन की जिम्मेदारी होती है। लेकिन वेयरहाउस में लाखों रुपए के बजट का कितना सही उपयोग हो रहा है।

यह देखने के लिए निरीक्षण और नियंत्रण अधिकारियों का कोई निरीक्षण और जमीनी हकीकत से रूबरू नहीं होना चाहता वेयरहाउस में माल का गायब होना कोई नई बात नहीं ऐसी कई घटनाएं वेयरहाउस में पूर्व में हो चुकी पर लीपापोती के युग में सब कुछ चलता है की तर्ज पर आज भी चल रहा है।

वहीं इस संबंध में बाड़ी तहसीलदार प्रमोद उइके ने बताया कि जांच कर कारवाई करूंगा।




### कागजों में खर्च हो रहा है बजट

अब सवाल उठता है की वेयरहाउस में रखा हुआ माल और उसकी क्वालिटी की उपयोगिता मापदंडों का पालन नहीं हो रहा है वेयरहाउस में लगे कर्मचारी को निगरानी और नियंत्रण के लिए रखा गया है कितने कर्मचारी नियंत्रण और निगरानी में फील्ड पर काम कर रहे हैं और कितने नियम विरुद्ध रखे गए इधर गोदाम की साफ सफाई एवं उस पर खर्च होने वाला बजट कागजों में खर्च हो रहा है जैसे की गोदाम में साफ सफाई हेतु जो मजदूरों की संख्या और जो पत्रक भरा जाता है उसमें फर्जी ढंग से मजदूरी दर्शी जाती है यानी रखरखाव के नाम पर लाखों का गोलमाल हो रहा है इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए तो बड़ा मामला सामने आएगा।



## 'एक पेड़ मां के नाम अभियान'

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने किया रतनपुर में पौधरोपण

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हेतु शुरू किए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सोमवार को केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जिले के ग्राम रतनपुर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों से आव्हान किया कि अधिक से अधिक पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाएं।

पौधरोपण के साथ उनकी देखभाल और सुरक्षा भी जरूरी है। जिस प्रकार मॉ बच्चे की देखभाल करती है, उसी प्रकार हमें भी रोपित पौधे की देखभाल करनी है। जिससे कि वह वृक्ष का आकार ले सकें। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मॉ के नाम अभियान जन-जन का अभियान बन गया है और नागरिक पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं तथा अधिक से अधिक पौधरोपण कर अपना योगदान दे रहे हैं।


इस दौरान विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, कलेक्टर अरविंद दुबे, एसपी विकास शहवाल, डीएफओ विजय कुमार, राकेश शर्मा व जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 238 मिमी बारिश

**रायसेन।** जिले में 1 जून से 15 जुलाई तक 238 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 98.6 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 15 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 271 मिलीमीटर, गैरतगंज में 128.9, बेगमगंज में 271.5, सिलवानी में 261.2, गौहरगंज में 264, बरेली में 349.8, उदयपुरा में 275.4, बाड़ी में 274, सुल्तानपुर में 119.9 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 164.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# अघोषित बिजली कटौती से परेशान लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली की अघोषित कटौती से खासे परेशान हैं। भीषण गर्मी और उमस से झुलस रहे उपभोक्ताओं को शासन द्वारा जारी किए निर्देश के मुताबिक बिजली नहीं मिल पा रही है। इसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उमस व गर्मी जहां लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है, वहीं बिजली की कटौती से लोग त्रस्त हैं। दिन में 4 से 6 घंटे कटौती की जा रही है। सरकार जिस हिसाब से बिजली सप्लाई का दावा करती हैउस हिसाब से बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली की अघोषित कटौती से कस्बों की पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है।

वहीं आटा चक्की बंद हो जाने से स्थानीय लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है। ग्राम दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बरजोरपुर, कुल्हाड़ीया, नरखेड़ा, सरार तथा कायमपुर आदि कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती के कारण बिजली न आने से भीषण गर्मी में स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# पौधरोपण अभियान की प्रांतीय बैठक आयोजित

### ◆ पर्यावरण संरक्षण अभियान में अधिक से अधिक पौधारोपण करें और जनभागीदारी से इस कार्यक्रम को गांव गांव तक पहुंचाया जाए- प्रहलाद सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन पर ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, बैठक में पर्यावरण संरक्षण के किए जाने वले उपायो पर चर्चा की जाकर प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष मात्र एक पौधा लगाने व उसकी 3 साल तक देख रेख करने प्रेरित करने को लेकर कार्य योजना बनाने पर मंथन किया गया।

विद्या भारती द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण अभियान की प्रांतीय ऑनलाइन बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय प्रभारी प्रहलाद सिंह घुरैया ने कहा कि पूरे प्रांत में पौधरोपण जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में हम सभी का सहयोग मिलेगा तब ही हमारा प्रयास पूर्ण सफल होगा।

पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए और जनभागीदारी से इस कार्यक्रम को गांव गांव तक पहुंचाया जाए।

दतिया से पूर्व जिला प्रमुख उमाकांत भार्गव ने कहा कि ग्राम भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान एक सराहनीय पहल है हमारा संगठन भी पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत अनेकों प्रकार के पौधे लगाकर उनकी उचित देखभाल कर रहा है। आप सब भी पौधारोपण करें और हरियाली बढ़ाएं।

ग्वालियर से पूर्व प्राचार्य डॉ नरेश त्यागी ने कहा कि पौधारोपण करना हम सबका कर्तव्य है। अतः समाज की सहभागिता सुनिश्चित कर जगह जगह पर पौधारोपण करते हुए उनके संरक्षण की जिम्मेदारी एक व्यक्ति को दी जानी चाहिए। इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता बढ़े ऐसा सकारात्मक प्रयास किया जाना चाहिए।

## 25 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

# 'कॅरियर काउंसलिंग योजना' अंतर्गत युवाओं को कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रोजगार संचालनालय मप्र शासन की कैरियर काउंसलिंग योजना के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय रायसेन से इच्छुक आवेदकों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देने के लिए काउंसलर्स की टीम गठित की जा रही है। काउंसलर्स की टीम में एक मनोवैज्ञानिक के अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए तीन विषय विशेषज्ञ रहेंगे जो एडमीशंस, प्रतियोगी परीक्षा एवं स्वरोजगारी/प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देंगे। काउंसलर्स को नियमानुसार मानदेय दिया जाएगा। काउंसलर्स के पैनल के लिए कैरियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले व्यक्ति काउंसलर बनने के लिए जिला रोजगार कार्यालय में 25 जुलाई 2024 तक आवेदन कर सकते हैं।

काउंसलर्स के पैनल में मनोवैज्ञानिक के आवेदन हेतु मनोविज्ञान में स्नाकोत्तर डिग्री या पीजी डिप्लोमा अनिवार्य है। साथ ही विषय विशेषज्ञ के आवेदन के लिए एडमीशंस प्रतियोगी परीक्षा एवं स्वरोजगार/प्रशिक्षण के क्षेत्र में मार्गदर्शन और परामर्श देने का अनुभव तथा योग्यता रखना अनिवार्य है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय रायसेन में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

## राकेश शर्मा ने गरीबों में फल बांटकर मनाया सांची विधायक डॉ चौधरी का जन्मदिन

# विधायक के जन्मदिन पर सलामतपुर में शाल श्रीफल से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



सोमवार को सलामतपुर कस्बे में सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। भाजपा नेता राकेश शर्मा के निवास पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी का स्वागत शाल और श्रीफल से कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सलामतपुर सहित आसपास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी रहवासियों ने विधायक डॉ चौधरी का हार फूल से स्वागत किया। वहीं सलामतपुर के भाजपा नेता राकेश शर्मा ने गरीब बस्ती में जाकर गरीबों को फल फ्रूट, ओर केक बांटकर डॉ चौधरी का जन्मदिन मनाया।

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में राकेश शर्मा, दिलीप मालवीय, बबलू मीणा, प्रहलाद मीणा, प्रीतम मालवीय, धीरज सिंह शाक्या, देवेन्द्र शर्मा, रूप सिंह राजपूत, किशन मीणा, राम सिंह चौहान, यशवंत राजपूत, विक्की मीणा, तुलसीराम लोधी और प्रताप लोधी मौजूद थे।

इस दौरान कस्बे सहित आसपास क्षेत्रों के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे जिनमें राकेश शर्मा, दिलीप मालवीय, बबलू मीणा, प्रहलाद मीणा, प्रीतम मालवीय, धीरज सिंह शाक्या, देवेन्द्र शर्मा, रूप सिंह राजपूत, किशन मीणा, राम सिंह चौहान, यशवंत राजपूत तथा विक्की मीणा, तुलसीराम लोधी और प्रताप लोधी सहित अनेक मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री क्षेत्रीय विधायक प्रभुराम चौधरी के जन्मदिन पर भगवान शंकर के परिवार की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के जन्मदिन पर सांची निवासियों द्वारा सिविल अस्पताल सांची में शंकर भगवान के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम में सुबह से ही क्षेत्रीय विधायक प्रभुराम चौधरी और उनकी धर्मपत्नी ने सिविल अस्पताल के प्रांगण में बने शिव जी के मंदिर में शिव अभिषेक करके और भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा की।

उसके बाद लोगों ने फूल बरसा कर डॉ चौधरी का स्वागत किया तथा नगर परिषद में केक कटवाया। यहां पर अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार व सभी पार्षद, कर्मचारी द्वारा माला पहनकर सम्मान किया। वहीं वार्ड नंबर 13 के पार्षद पति सुनील जैन ने अपने घर चौधरी साहब और सभी गणमान्य लोगों के साथ केक कटवा कर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। वहीं अधिकारी मौजूद रहे। एसडीम मनोज सिंह, सीएमएचओ स्मृति चौहान, जनपद सीईओ बंधु सूर्यवंशी, नायब तहसीलदार नियति साहू, थाना प्रभारी मानसिंह चौधरी, सीएमओ अशोक वर्मा इन सबकी मौजूदगी में कार्यक्रम सफल रहा।

